## एक नजर

### विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण



सीमा संदेश संवाददाता

**कुचामन सिटी।** महात्मा गांधी राजकीय रैगर बस्ती पांचवा में युवा विकास संस्थान के अध्यक्ष विवेक कालेर के द्वारा सर्दियों को देखते हुए जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण किए।

इस अवसर पर संस्थान के सदस्य प्रहलाद कालेर, मनोज शेषमा, हनुमान बलारा, महेंद्र रॉयल, किशनलाल उपस्थित हुए। पांचवा सरपंच प्रतिनिधि महावीर जी व पी. ई. ओ. छोटू राम जी गोठवाल और विद्यालय के पूर्व संस्था प्रधान सरदार अहमद एवं विद्यालय स्टाफ सुलोचना शर्मा, सोनिया चौधरी, प्रीति ,ज्योति मोहनपुरिया, गोवर्धन राम ,पूजा चौधरी और समस्त स्टाफ उपस्थित हुए।

विद्यालय संस्थान प्रधान भागूराम ने समाजसेवी कालेर का माल्यार्पण कर स्वागत किया और इस नेक कार्य के लिए विद्यालय परिसर की तरफ से आभार व्यक्त किया।

### राजपाल मीना बने एनयूबीसी महासंघ के 7वीं बार प्रदेश अध्यक्ष

जयपुर (कासं.)।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव ने राजपाल मीना को राजस्थान का 7वीं बार महासंघ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया।

मीना को आदेशित किया गया है कि राजस्थान में पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति जनजाति एवं अलपसंख्यक समाज के कमजोर लोगो को आगे बढ़ाने में सहयोग करते हुए उपयुक्त सभी समाजों को सम्मिलित करते हुए कार्यकारिणी का गठन कर एक माह में राष्ट्रीय कार्यालय को प्रेषित करें।

### पनियाला पुलिस ने 10 लाख रुपए की अवैध शराब पकड़ी

**शराब परिवहन करते चालक गिरफ्तार**



सीमा संदेश संवाददाता

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले की पनियाला थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। पंजाब निर्मित अवैध शराब बंद बाडी कंटीनर से तस्करी कर गुजरात ले जाई जा रही थी। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर शराब सहित आरोपी चालक को गिरफ्तार कर शराब सहित कंटीनर को जब्त कर लिया है। कोटपूतली-बहरोड़ पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक उमेशचन्द्र दत्ता के निर्देश पर अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए एएसपी नेमसिंह व डीएसपी मदनलाल जैफ के सुपरविजन में थाना स्तर पर विशेष टीमों का गठन किया गया है।इसी क्रम में पनियाला थाने में थानाधिकारी बाबूलाल मीणा के नेतृत्व में गठित पुलिस ने कांस्टेबल लखनसिंह की सूचना पर पनियाला-नारनौल हाईवे पर नाकाबंदी शुरू की। इसी दौरान नांगल चौधरी की तरफ से एक बंद बाडी कन्टीनर आया।पुलिस ने कंटीनर को रुकवाकर उसमें अवैध शराब भरी हुई थी।पुलिस ने मौके पर ही चालक को हिरासत में लेकर शराब की पेटियों की गिनती शुरू की गई।

### नवनियुक्त मुख्यमंत्री को दी शुभकामनाएं



सीमा संदेश संवाददाता

**कोटपूतली।** राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को ग्राम पनियाला निवासी युवा भाजपा नेता नरेश रावत ने राजधानी जयपुर पहुंचकर बधाई दी। साथ ही आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनायें भी प्रेषित की। इस दौरान भाजयुमो के पूर्व नगर अध्यक्ष कपिल शर्मा भी मौजूद रहे।

### विपणन अधिकारी ने किया एफपीओ का निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश



सीमा संदेश संवाददाता

**बानसूर।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित प्रगतिशील मस्टर्ड प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के एफपीओ कार्यालय पर विपणन एवं निरिक्षण निदेशालय कृषि मंत्रालय भारत सरकार क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर की टीम वरिष्ठ विपणन अधिकारी रमेशचन्द मीणा के नेतृत्व में बानसूर पहुंची। टीम ने कम्पनी के पदाधिकारीयों ब्लॉक समन्वयक हवासिंह चौधरी,चेयरमेन सुरज्ञानी यादव, मदनलाल, रतनलाल,सीईओ अरविन्द जाट,अकाउंटेंट महेंद्रकुमार सैनी,लूपिन फाउंडेशन के राजेश घीया,संजय शर्मा,को मार्केटिंग की जानकारी दी एवं मार्केटिंग से जुड़ने की सलाह दी। मीणा ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आप अधिक से अधिक किसानों को एफपीओ से जोड़े और उसके फायदे बताएं।

# प्रत्येक गांव व ढाणी तक पहुंचेगा पानी, बिजली, मिलेगा स्वास्थ्य का लाभ : यूनुस

**विधायक बनने के बाद पहली बार डीडवाना विधानसभा पहुंचे यूनुस खान**

सीमा सन्देश संवाददाता



**मौलासर।** डीडवाना विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक यूनुस खान गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र डीडवाना का पहला दौरा कर आमजन से मुलाकात की। विधायक यूनुस खान सबसे पहले अपने विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य, पानी, बिजली, शिक्षा से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उनके निस्तारण के लिए जनता से चर्चा कर आगे की योजना पर काम करने की बात कही।

इससे पूर्व डीडवाना विधायक खान का निमोद पहुँचने पर कार्यकताओं ने माला व साफा पहनाकर अभिवादन किया। वही विधायक खान ने निमोद में स्तिथ श्री कृष्ण गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया ।वही विधायक खान ने ब्रह्मपुरी में स्तिथ बालाजी के मंदिर में धोक लगाई। इसके बाद ब्रह्मपुरी कॉलोनी में उपस्थित महिलाओं से उनकी समस्या सुनी। वही विधायक खान ने पी.एच.सी. निमोद का निरीक्षण कर चिकित्सालय में आयी कमी को जल्द ही पूरी करने की बात कही। वही विधायक खान ने कीलका की ढाणी में नागौर लिफ्ट पेयजल परियोजना के पम्प हाउस का निरीक्षण भी किया,और गांवों में हो रही पेयजल आपूर्ति को लेकर अधिकारी से बात की। वही प्रत्येक गांव-गांव व ढाणी-ढाणी तक पानी पहुचाने की बात कही। वही सी.एच.सी. मौलासर का निरीक्षण किया,जहां पर चिकित्सको ने अस्पताल में खून जांच करने चिकित्सक का पद खाली बताया।

वही विधायक खान ने अस्पताल में वार्ड में मरीजों से मिलकर उनके कुशलक्षेम पूछे। इस अवसर पर सलीम खान, छीतरमल कूदना, निमोद हॉस्पिटल में कार्यरत नर्सिंग स्टॉफ से राजेश कड़वा, शब्बीर उर्फ बीरू, अलखपुरा सरपंच श्रवण बिजारणियां, चेनाराम बलारा,हनुमान पूनिया, विक्रम खां धनकोली, संजय सहल, अशोक बांसा, दिनेश सैनी, इकबाल खान झाड़ोद, धनु खा झाड़ोद, राजेश शर्मा बेगसर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा नागौर में 16 दिसम्बर से

**भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन के बीच लेकर पहुंचेगी मोबाइल वैन**

सीमा सन्देश संवाददाता



**नागौर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा, जिसमें गांव-ढाणी तक बैठे व्यक्ति का कल्याण कैसे हो, इस भावना के साथ संचालित की जा रही भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र परिवारों एवं व्यक्तियों को इससे लाभान्वित किया जाएगा। इसे लेकर जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने टीम नागौर के साथ तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने गुरूवार को रियाबंड़ी ब्लॉक मुख्यालय स्थित आईटी सेंटर से जिले के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों व अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक ली और उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेसिंग में जिला कलक्टर डॉ. यादव ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसम्बर से नागौर में शुरू होगी। इस यात्रा के दौरान भारत सरकार की ओर से जागरूकता रथ आएंगे, जिनका ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान किसान से लेकर विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक को दी जा रही भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव-गांव पहुंचने वाली जागरूकता वैन तथा एक ही छत के नीचे विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले शिविर में अवगत कराकर उन्हें लाभान्वित भी किया जाएगा। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर लगने वाले शिविरों में हैल्थ मेले का आयोजन किया जाए, जिनमें योगाभ्यास की गतिविधि आवश्यक रूप से करवाई जाए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, स्थानीय निकाय विभाग, विद्युत निगम, रसद विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, लीड बैंक सहित कई विभागों की महत्ती भूमिका रहेगी।

जिला मुख्यालय स्थित आईटी सेंटर से इस वीडियो कांफ्रेसिंग में अतिरिक्त जिला कलक्टर राकेश कुमार गुप्ता, जिला परिषद के एसीईओ दिलीप कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश वर्मा, जिला स्तर से संयुक्त निदेशक डीआईआईटी कुम्भाराम रेलावत, एडीसी प्रेमसिंह मीणा, जिला रसद अधिकारी अंकित पचार, विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता एफ.आर. मीणा, नगर परिषद के अधिशासी अभियंता सहित विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों से संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### वैवाहिक वर्षगांठ पर गौ सेवा कार्यो का आयोजन

सीमा संदेश संवाददाता

**कोटपूतली।** भाजपा नगर मण्डल महामंत्री बालकृष्ण सैनी की 19 वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर गुरूवार को गौ सेवा कार्यो का आयोजन किया गया। इस मौके पर गौरक्षा महाभियान के गौखाद्य रथ में हरी सब्जी डालकर कस्बा स्थित श्री जयसिंह गौशाला में पहुंचाई गई। इस दौरान समाजसेवी रतन लाल शर्मा, बालकृष्ण सैनी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शशि मित्तल, विक्रम कसाना, सुरेश मित्तल, लोकेश शर्मा, रोशन सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

### गौशाला में टेम्पो भेंट किया



सीमा संदेश संवाददाता

**दांतारामगढ़।** दांता कस्बे के जाने-माने भामाशाह बनवारी लाल मित्तल प्रवासी कोलकाता के द्वारा श्री गोपाल गौशाला दांता में गुरुवार को एक नया टेम्पो टाटा कम्पनी का गौ ग्रास संग्रहण के लिये भेंट किया। भामाशाह बनवारी लाल मित्तल द्वारा एक साल पहले भी दांता गौशाला में गौ ग्रास संग्रहण करने के लिए एक टेम्पो भेंट किया था। टेम्पो भेंट करने पर गोभक्तो ने मित्तल का आभार जताया।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

सीमा संदेश संवाददाता

**डेगाना** ।नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत वीटी स्वयंसेवी एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ ।ब्लाक डेगाना साक्षरता समन्वयक बजरंग लाल सोहू ने बताया कि बताया कि ब्लाक डेगाना में सात क्लस्टर पीईईओ केन्द्र बुटाटी,चौसली,किरोदा,चांदारूण, डेगाना गांव, बंवरला,जालसू खुर्द में कुल 36 पीईईओ यूसीईओ से 152 वीटी को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कुल 14 दक्ष प्रशिक्षक यह प्रशिक्षण दिया। धरातल पर कक्षा कक्ष संचालित करके सर्वे के अनुसार चिन्हित असाक्षरों को 10 अनुपात 1 के हिसाब से कैसे आफलाइन और ओनलाइन माध्यम से संख्या ज्ञान,आखर ज्ञान और वर्तमान कम्प्यूटर युग में कैसे आधुनिक सुविधाओं का ज्ञान असाक्षरों को करवाकर साक्षर बनाना है इस बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

नव भारत साक्षरता प्रोग्राम 2022 से 2027 तक निदेशालय से जारी लक्ष्य के अनुसार अब भी ग्रामीण शहरी क्षेत्र के असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए यह प्रोग्राम शुरू किया गया है।

### करवा अध्यक्ष व भूतड़ा बने सचिव

सीमा संदेश संवाददाता

**डेगाना।** माहेश्वरी नवयुवक मंडल डेगाना के वार्षिक चुनाव बुधवार को करवाए गए, जिसमें समाज के युवाओं ने शहर के आकाश करवा को अध्यक्ष और मुरली भूतड़ा को सचिव पद के लिए चुना।राकेश करवा ने बताया कि रामअवतार चांडक एव मांगीलाल सोनी व समाज अध्यक्ष राधेश्याम करवा की देखरेख में माहेश्वरी नवयुवक मंडल डेगाना के चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमें मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए आकाश करवा सचिव मुरली भूतड़ा, कोषाध्यक्ष विमल सोनी को सर्वसम्मति चुना गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का युवाओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष राकेश खटोड़ ने अपने 2 साल के कार्यकाल के बारे में सभी को अवगत कराया।


**SMFG Grihashakti** Nayi Asha. Naya Vishwas.

**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**

**(पूर्व में फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड)**

**कार्पोरेट ऑफ.** : 503 और 504, पांचवां तल, जी-ब्लॉक, इंस्पायर बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - 400051

**रजि. ऑफ.** : मेघ टावर्स, तीसरा तल, पुराना नंबर 307, नया नंबर 165, पूनमल्ली हाई रोड मदुरवोयल, चेन्नई - 600095, तमिलनाडु

**डिमांड नोटिस**

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002(''अधिनियम'') और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (''नियम'') के प्रावधानों के अधीन**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड) (बाद में एसएमएचएफसी के रूप मं संदर्भित)** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिनियम के अधीन तथा अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित के अधीन प्रदत्त शक्तियों की पालना में अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन डिमांड नोटिस जारी कर इन नोटिसों को प्राप्त करने की तिथि से **60 दिनों** के भीतर इन ऋणधारक(ों) को नोटिसों में उल्लेखित राशि का भुगतान करने के लिए आमंत्रित किया था। अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास यह विश्वास करने का कारण है कि ऋणधारक डिमांड नोटिसों को तामील करने से बच रहे हैं, इसलिए ये नोटिस नियमानुसार चस्पा और प्रकाशित कर तामील करवाए जा रहे हैं। डिमांड नोटिस(ों) के तथ्यों का विवरण यहां नीचे दिया गया है :

| क्र.सं. | ऋण खाता संख्या और ऋणधारक/सह-ऋणधारक किसी मामले में सम्पत्तिधारक का नाम | धारा 13(2) के अधीन डिमांड नोटिस की तिथि व कुल बकाया |
|---|---|---|
| 01 | एलएएन : 602639211066783<br>1. राजपाल बैरवा 2. काली राजपाल बैरवा<br>**पता : (क्रमांक 1 और 2)** प्लॉट क्रमांक 170, मां करणी नगर, विस्तार बेनाड खोरा, बिसल जिला जयपुर - 302012. **संपत्ति पताः** प्लॉट नंबर 170-ए, मां करणी नगर, एक्सटेंशन, बेनार खोरा बिसल, जयपुर - 302012। | **दिनांकः** 25.11.2023<br>17.11.2023 के अनुसार रु. **15,79,871** (रुपए पंद्रह लाख उनासी हजार आठ सौ इकहत्तर मात्र)<br>**एनपीए दिनांक 05.11.2023** |
| | **सुरक्षित आस्तियों/बंधक सम्पत्ति का विवरण :** प्लॉट नंबर 170-ए, नाप 100 वर्ग यार्ड, स्कीम मां करणी नगर, एक्सटेंशन, बेनार खोरा बिसल, जयपुर, **चार सीमाएंः पूर्वः** प्लॉट नंबर 167-बी, **पश्चिमः** - सड़क 30 फीट **उत्तरः**- प्लॉट नंबर 170-बी, दक्षिणः-170. | |
| 2. | **एलएएन : 602639211322358**<br>**1. विष्णु यादव 2. अन्नू किशन लाल**<br>**पता : (क्रमांक 1,2)** फ्लैट नंबर 805, वियाहवास आशियाना अपार्टमेंट, महल रोड, निकट।, चौराहा कल्याण नगर, जयपुर - 302017 **संपत्ति पताः** प्लॉट नंबर 132, स्कीम देव विहार, ग्राम बक्शावाला, तहसील सांगानेर, जयपुर - 302029। | **दिनांकः** 25.11.2023<br>**17.11.2023 के अनुसार रु. 9,47,137/- (रुपए नौ लाख सैंतालीस हजार एक सौ सैंतीस मात्र)**<br>**एनपीए दिनांक 05.11.2023** |
| | **सुरक्षित आस्तियों/बंधक सम्पत्ति का विवरण :** स्कीम देव विहार गांव, बक्सावाला सांगानेर जयपुर राजस्थान स्थित प्लॉट नंबर 132, अधिमापन 200 वर्ग याईस, **सीमा इस प्रकार हैः- उत्तरः-** प्लॉट नंबर 131, **दक्षिणः-** प्लॉट नंबर 133, **दक्षिणः-** प्लॉट नंबर 114, **पश्चिमः-** सार्वजनिक सड़क। | |

ऋणधारक(ों) को यहां सलाह दी जाती है कि वे डिमांड नोटिस(ों) की पालना करें और इनमें तथा ऊपर उल्लेखित मांग का भुगतान इस प्रकाशन के 60 दिवस के भीतर वसूली की तिथि तक लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस प्रभारों, लागत व खर्चे सहित अदा करें। ऋणधारक यह भी नोट कर सकते हैं कि **एसएमएचएफसी** एक सुरक्षित लेनदार है और ऋणधारक(ों) द्वारा ली गई ऋण सुविधा उन अचल सम्पत्ति/सम्पत्तियों के विरुद्ध सुरक्षित बकाया है जिसे ऋणधारक(ों) द्वारा सुरक्षित आस्ति(यों) के रूप में बंधक रखकर गया। ऋणधारक दिये गये समय में अपनी देनदारी से पूर्णतः मुक्त होने में असफल होते हैं तो **एसएमएचएफसी** अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षित आस्तियों का कब्जा लेने की कार्यवाही करेगा, जो बकाया राशि की वसूली के लिए बिक्री के माध्यम से इनके हस्तांतरण या अधिनियम व नियमों में दी गई अन्य अतिरिक्त चाराजोई को प्रयोग करने तक ही सीमित नहीं होगी। **एसएमएचएफसी** विक्रय या हस्तांतरण के अधिकार के प्रयोग से पहले सुरक्षित आस्तियों को **अटैच और/या सील** करने में भी सक्षम है। बंधक सम्पत्तियों के मूल्य से **एसएमएचएफसी** को देय बकाया राशि की पर्याप्त पूर्ति न होने के मामले में सुरक्षित आस्तियों के विक्रय की निरंतरता में **एसएमएचएफसी** शेष बकाया की वसूली के लिए अलग से विधिक कार्यवाही का अधिकार भी रखती है। यह चाराजोई अन्य किसी भी कानून में **एसएमएचएफसी** को उपलब्ध अन्य सभी उपायों के अतिरिक्त व स्वतन्त्र होगी।

ऋणधारक(ों) को सावचेत किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13(8) के अनुसार उपलब्ध समय में वे सुरक्षित आस्तियों को मुक्त करवाने के लिए आमंत्रित हैं और आगे अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार ऋणधारक(ों) को **एसएमएचएफसी** से पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित आस्तियों के निस्तारण या इनके साथ कोई सौदा करने या विक्रय, लीज या अन्य (सामान्य प्रक्रिया के अतिरिक्त किसी भी अन्य तरीके से) रास्ते से सुरक्षित आस्तियों के हस्तांतरण से रोका/प्रतिबंधित किया जाता है और उक्त की पालना न किया जाना उक्त अधिनियम की धारा 29 के अधीन दंडनीय अपराध होगा। डिमांड नोटिस की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध है और ऋणधारक यदि, इसकी आवश्यकता महसूस करें तो किसी भी कार्यदिवस पर सामान्य कार्य समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता से प्राप्त कर सकते हैं।

**हस्ता/-**

**स्थान** : जयपुर/ राजस्थान

**तिथि : 15.12.2023**

**प्राधिकृत अधिकारी,एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड)**



GRIHUM HOUSING FINANCE Apna Ghar. Apni Pehchan.

**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

(पूर्व में पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात)

पंजीकृत कार्यालयः 602, छठी मंजिल, जीरो वन आईटी पार्क, एसआर नंबर 79/1, घोरपडी, मुंडवा रोड, पुणे - 411036

शाखा कार्यालय इकाईः प्रथम तल, 1-सी-18, स्वीट मोमेंट्स बिल्डिंग, शीला चौधरी हॉस्पिटल रोड, तलवंडी कोटा-324005 (राजस्थान)

**ई-नीलामी- बिक्री सूचना**

**सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री**

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के प्रावधानों के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा आमजन को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पूर्व में पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था,** 17 नवंबर 2023 से पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का नाम बदलकर गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड हो गया है (पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में ज्ञात और मूल रूप से जीई मनी हाउसिंग फाइनेंस पब्लिक अनलिमिटेड कंपनी के नाम से सम्मिलित किया गया था) और (इसके बाद 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस के अनुसार प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) के नियम 8 और 9 के सहपठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।

सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 30/12/2023 को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है' के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइटः https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| क्र सं. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए) | मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी) | कब्जे का प्रकार(सी) | संपत्ति का विवरण (डी) | आरक्षित राशि (ई) | ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ) | ईएमडी जमा करने की तिथि(जी) | बोली वृद्धि (एच) | सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई) | नीलामी की तिथि और समय (जे) | ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋण संख्या HM/0061/H/17/100390 विनोद हरिजन (ऋणधारक), लीला हरिजन (सह-ऋणधारक) | **नोटिस दिनांकः 11/02/2023 कुल बकायाः रु. 1873164.33** (रुपये अट्ठारह लाख तिहत्तर हजार एक सौ चौंसठ व पैसे तैंतीस मात्र) 11/02/2023 के अनुसार व 14.75 प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित वसूली तक देय | **भौतिक** | द्वारिका नगर योजना, जिला-राजसमंद (राजस्थान) स्थित ब्लॉक सं. सी, प्लॉट संख्या 33 के समस्त खण्ड व हिस्से। क्षेत्र 980 वर्ग फीट (इसके बाद उक्त संपत्ति के रूप में संदर्भित)। | रु. 10,00,000/- (रुपये दस लाख मात्र) | रु. 1,00,000/- (रुपये एक लाख मात्र) | 29/12/2023 सायं 5 बजे से पहले | 10,000/- | 23/12/2023 (प्रातः 11- सायं 4) | 30/12/2023 (प्रातः 11- सायं 2) | निल |

**इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।**

इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड **पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क व्यक्ति विनोद चौहान, ईमेल आईडी- delhi@c1india.com संपर्क नंबर-** 9813887931 से अग्रिम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, से ई-बोली के लिए अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को 20, आर.एन. मुखर्जी रोड-कोलकाता-700001 'पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड', **बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-000651000460 और आईएफएससी कोड- ICIC0000006** के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है, 29/12/2023 को या उससे पहले किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए **यहां पता - प्रथम तल, 1-सी-18, स्वीट मोमेंट्स बिल्डिंग, शीला चौधरी हॉस्पिटल रोड, तलवंडी कोटा-324005 (राजस्थान)। मोबाइल नह. +91 8588802671 और +91 9567626050 ई-मेल आईडी rahul.r1 @poonawallahousing.com** को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नियम व शर्तों के अधिक विवरण के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com या **www.grihumhousing.com** पर जाएं।

यह सूचना ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधककर्ता(ओं) जमानतदार(ों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम - 2002 के अधीन 15 दिन के नोटिस के रूप में भी ली जाये।

**दिनांकः 15-12-2023**

**स्थानः राजस्थान**

**प्राधिकृत अधिकारी गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में ज्ञात)**